उत्तराखंड में बनाई जाएगी पोल्ट्री वैली

चर्चा में क्यों?

18 नवंबर, 2022 को उत्तराखंड के पशुपालन एवं दुग्ध विकास सचिव डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने देहरादून में हुई परियोजना निदेशकों की बैठक में बताया कि पशुपालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश सरकार गोट वैली के बाद राज्य में पोल्ट्री वैली योजना शुरू करने जा रही है।

प्रमुख बिंदु

- डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि राज्य में एक साल पहले पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चकराता में पोल्ट्री वैली बनाई गई थी, जिसमें सफलता मिलने पर अब अन्य ज़िलों में पोल्ट्री वैली बनाई जाएगी।
- उन्होंने कहा कि दुग्ध विकास विभाग के माध्यम से राज्य के सभी ज़िलों में आंचल कैफे खोले जाएंगे। जहाँ पर दूध व अन्य उत्पाद एक ही जगह मिल सकेंगे। आंचल कैफे और पोल्ट्री वैली की शुरुआत 25 नवंबर को की जाएगी। इसके लिये अधिकारियों को तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश दिये गए।
- उन्होंने बताया कि आंचल कैफे के लिये 41 स्थानों का चयन किया गया है। आंचल कैफे में दूध के अलावा शेक, आइसक्रीम, पिज्ज़ा, दूध से बने उत्पाद मिलेंगे। कैफे से स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलेंगे। साथ ही, किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।
- परियोजना निदेशक डेयरी जयदीप अरोड़ा ने बताया कि देहरादून के घंटाघर में एमडीडीए कॉम्प्लेक्स में आंचल कैफे तैयार कर दिया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/poultry-valley-to-be-built-in-uttarakhand